हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13. 0 डिग्री

खेल हमें सशक्त चरित्र निर्माण में करता है मदद : पांडेय

2



## खबर संक्षेप

### बलौदा में होगा लोन एवं रोजगार मेला 26 को

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत बलौदा के समरसता भवन में 26 दिसम्बर को लोन मेला एवं रोजगार मेला का आयोजन रखा गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत जावलपुर में 7 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम पंचायत कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल (जी.एल.डी.), स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

### ग्राम पंचायत पचेड़ा में 1.2 करोड़ का लेबर बजट का अनुमोदन

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत पचेड़ा में लेबर बजट को लेकर ग्रामसभा का आयोजन विगत दिनों किया गया। बैठक की अध्यक्षता अशोक कश्यप द्वारा की गई। जिसमें ग्रामसभा के ग्राम सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य ग्राम के समग्र एवं सतत विकास को ध्यान में रखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना पर विचार-विमर्श कर 1.2 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों को ग्रामसभा के समक्ष रखा गया। इनमें डबरी निर्माण, मिट्टी एवं पहुंच मार्ग निर्माण, तालाब गहरीकरण, आर सी सी नाली एवं पक्की सड़क निर्माण, मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय निर्माण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली गोदाम निर्माण, पशुपालन हेतु पक्का प्लेटफॉर्म एवं शेड निर्माण, बाजार प्रांगण में पेवर ब्लॉक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहे। ग्रामसभा में इन कार्यों की आवश्यकता, उपयोगिता एवं ग्राम के दीर्घकालीन विकास में इनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

### सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**जांजगीर-चांपा।** पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का आयोजन 23 से 27 दिसंबर तक किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित महामहोत्सव में विशिष्ट आतिथ्य के लिए जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, व्यास कश्यप जांजगीर चांपा, श्रीमती शेषराज हरबंश विधायक, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, श्रीमती रेखा गढ़वाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर, छबि लाल सूर्यवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष सारागांव सहित विभिन्न पदाधिकारी को आमंत्रित किया जा रहा है। जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत बिलासपुर के सभापति श्रीमती अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या, सूर्यवंशी समाज बिलासपुर के अध्यक्ष नंदकिशोर डहरिया, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सूर्या के साथ ताराचंद रत्नाकर, धनी राम सूर्या, अनुज प्रधान, ओम सूर्या, शशि कांत लसार, आर एस टाइगर, राम लखन रत्नाकर, सत्यम भवानी, लुकेश सूर्यवंशी और चित्रेश परिहार शामिल थे।

### ग्राम बिर्रा में बीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दशहरा एवं खल मैदान में बीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में मोहन स्टूडियो एवं ऑनलाइन सर्विस सेंटर बिर्रा के संचालक मोहन कुमार साहू ने बताया कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 3100 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 60 हजार एवं ट्रॉफी और द्वितीय पुरस्कार 30 हजार रुपए एवं ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप इनाम दिया जाएगा।

2003 की मतदाता सूची में स्वयं अथवा माता पिता के भी नहीं मिले नाम

# एसआईआर : 29 हजार से अधिक मतदाता आए सी श्रेणी में, कर सकते हैं दावा आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में मतदाता सूची पूर्ण रूप से शुद्ध बनाने चल रहे विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2003 और 2025 की सूची में किए गए मिलान के आधार पर 29 हजार से अधिक मतदाता सी श्रेणी में आए है। यह वे मतदाता हैं जिनका नाम या जिनके माता पिता का नाम भी 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। ऐसे में इन्हें दावा आपत्ति के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 6 लाख से अधिक मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा।

गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा मतदाता सूची को पूर्ण रूप से शुद्ध बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम 28 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है। आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार गणना पत्र भरने की आज अंतिम तिथि है, जिसके तहत गुरूवार 18 दिसंबर की शाम 4 जे तक की स्थिति में कैटेगिरी-ए यानि जिस मतदाता का नाम वर्ष 2003 एवं 2025 के मतदाता सूची में दर्ज है, ऐसे 2 लाख 33 हजार 709 मतदाता चिन्हांकित हुए है। इसी तरह कैटेगिरी- बी यानि जिस किसी भी मतदाता के माता या पिता का नाम वर्ष 2003 एवं 2025 के मतदाता सूची में दर्ज है। ऐसे कुल 3 लाख 76 हजार 592 मतदाता मिले है। इसके अलावा केटेगरी सी में कुल 29 हजार 54 मतदाताओं को चिन्हांकित किया गया है। बताया जाता है कि सी श्रेणी में उन मतदाताओं को चिन्हांकित किया गया है, जिनका स्वयं का और उनके माता पिता का नाम भी 2003 की मतदाता सूची में नहीं मिला है। इसी तरह से अनकलेक्टेबल श्रेणी के अंतर्गत मृत्यु के कुल-16237, अनुपस्थित मतदाता के कुल 10295, स्थाई रूप से पलायित के कुल-28569, पूर्व में अन्य स्थान पर पंजीकृत के कुल-4452 एवं अन्य के कुल 149 मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक उक्त सूची के आधार पर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जावेगा। कैटेगिरी ए एवं बी में जोडे गये मतदाताओं को गणना पत्र के साथ वर्ष 2003 में अंकित मतदाता का विवरण के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य दस्तावेज नही लिया गया है। कैटेगिरी सी में चिन्हांकित किये गये मतदाताओं को दावा आपत्ति के लिए 1 महीना का समय दिया जाएगा। इस दौरान वे निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी के समक्ष 23 दिसंबर से 22 जनवरी के बीच विहित 13 दस्तावेजों में से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपना पक्ष रख सकते है। इसके लिए उन्हें नोटिस भी जारी की जाएगी। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी के द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने हेतु अंतिम निर्णय लेते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21. फरवरी शनिवार को किया जावेगा।पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 6 लाख से अधिक मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा।



#### कर सकते है दावा आपत्ति

मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को होगा। दावा आपत्ति के लिए एक महीने का समय मिलेगा। वैध दस्तावेज के आधार पर नाम जोडने की प्रक्रिया होगी। अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

-ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर,
एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# एनएच पर लूट का पर्दाफाश, पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

अकलतरा थाना क्षेत्र में ओव्हरब्रिज के पास हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय मार्ग पर हुई लूट की वारदात का जांजगीर-चांपा पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूट की घटना 15-16 अक्टूबर की दरम्यानी रात अकलतरा नेशनल हाईवे फ्लाईओवर पर हुई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के समय पहचान छुपाने के लिए चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे तथा प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो की नंबर प्लेट पर कीचड़ लगाकर घूम रहे थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सायबर सेल व थाना अकलतरा की संयुक्त टीम गठित कर जांच शुरू की गई। सायबर सेल जांजगीर द्वारा लगातार 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, जिसके बाद आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रतन नायक, ट्रक चालक निवासी राजस्थान, अपने हेल्पर के साथ ट्रक में माल लेकर अहमदाबाद जा रहा था। पहचान होने पर सायबर सेल एवं थाना अकलतरा पुलिस की संयुक्त टीम ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने अमन साहू पिता श्यामसुंदर साहू उम्र 20 वर्ष, निवासी खम्हरिया, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, असीफ उर्फ छोटू खान पिता अब्दुल मजीद खान उम्र 21 वर्ष, निवासी मडई, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, प्रियांशु गांगुली पिता स्व. अमरदास गांगुली उम्र 21 वर्ष, निवासी खम्हरिया, थाना सीपत, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 8880, एक चाकू, एक लोहे का रॉड एवं नकद 10 हजार बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रतन नायक, ट्रक चालक निवासी राजस्थान, अपने हेल्पर के साथ ट्रक में माल लेकर अहमदाबाद जा रहा था। अकलतरा फ्लाईओवर पर आरोपियों ने स्कॉर्पियो से ट्रक रोककर मारपीट की और ट्रक में रखी नकदी 85 हजार रूपए लूट ली थी। इस संबंध में थाना अकलतरा में धारा 309(4), 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर तीनों आरोपियों को दिनांक 18 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, थाना प्रभारी अकलतरा निरीक्षक भास्कर शर्मा, सायबर टीम एवं थाना स्टाफ की विशेष भूमिका रही। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 8880, एक चाकू, एक लोहे का रॉड एवं नकद 10 हजार बरामद किया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# रात के समय ट्रान्सफार्मर फैक्ट्री में अचानक लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ट्रान्सफार्मर फैक्ट्री में आगजनी की घटना से एक करोड़ से ज्यादा का ट्रांसफार्मर जलकर खाक हुआ। अकलतरा। नगर के लटिया रोड में संचालित तुर्भा इलेक्ट्रिकल रिवाइंडिंग वर्कशॉप में बीती रात आगजनी की घटना से एक करोड़ से ज्यादा रुपए के ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना पुलिस में दी जाने पर पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया है।

इस संबंध में यह जानकारी मिली कि वसीम खान पिता सलीम खान उम्र 41 वर्ष साकिन वार्ड नं.07, मस्जिद मोहल्ला नगर के लटिया रोड मे तरभा इलेक्ट्रीकल, रिवाइडींग वर्क शॉप का संचालन करता है। जहां प्रतिदिन सीएसपी डीसीएल से आरसीए. ट्रान्सफार्मरों का एवं लोकल ट्रान्सफार्मरों का व छोटे-बड़े मोटरों का वाईडिंग, रिपेयरिंग कार्य किया जाता है। 17 दिसंबर को रात्रि 10:15 बजे को वर्क शॉप में आग लगने की सूचना मिलने पर वसीम खान के द्वारा वर्कशॉप पहुंचकर फायर ब्रिगेड को सूचित करने पर विभिन्न स्थानों से दमकल की पांच गाड़ियो से आग पर काबू पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस स्टाफ के द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। वसीम खान ने बताया कि 18 दिसंबर को सुबह निरीक्षण करने पर पता चला कि वर्क शॉप से एचवी वाईडिंग मसीन 3 नग, एलवी वाईडिंग मसीन 2 नग ,डीवीडीएफ एनालाईजर, बीडीवी किट एनालाईजर पेनल, एलवी कवरिंग मसीन, फनटेशन वाईडिंग मसीन, एचवी कवरिंग मसीन, ओवेन, एचवी किट, डिमर, एलिमूनियम वायर, पूर्ण रिपेयरिंग ट्रान्सफार्मर 45 नग, ट्रान्सफार्मर आयल 4 हजार लीटर, कम्प्रेशर टेस्टींग किट, मेगर मीटर, रॉ मटेरियल, तथा अन्य उपकरण मशीने जलकर राख हो गए हैं जिनकी कीमत 1 करोड़ 5 लाख रूपये है।



आगजनी से जलकर खाक हुए ट्रांसफार्मर।

# निर्ममता पूर्वक दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी को मृत्युदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

निर्ममता पूर्वक दुष्कर्म करने के साथ हाथ व गले की नस काटकर हत्या करने के मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। मामला सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के डभरा थाना अंतर्गत ग्राम सुखदा निवासी शंकर पिता रूपसिंह निषाद उम्र 25 वर्ष ने पीडिता को बाढ़ के समय रास्ता बंद होने पर नए रास्ते से बेमेतरा पहुंचाने का झांसा दिया। वह उसे पलगढ़ा के रास्ते लेकर जा रहा था। इस दौरान उसकी नियत बिगड़ गई और वह उसे साजापाली जूनाडीह के जंगल की ओर ले गया। वहां असहाय पीडिता के समक्ष शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगा। पीडिता द्वारा मना करते हुए विरोध करने पर आरोपी ने उसे धक्का देकर गिरा दिया तथा उसके सिर पर पत्थर से वार करके घायल कर दिया। इसी अवस्था में उसने पीड़िता के मुंह बंद करके उसके हाथों को स्कार्फ से बांध दिया और उसके साथ जबरदस्ती अनाचार किया। इसके बाद हाथ और गले की नस को काटकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शंकर निषाद के खिलाफ अपहरण और अनाचार तथा हत्या का अपराध कायम कर विवेचना शुरू की। विवचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां संपूर्ण साक्ष्य एवं गवाहों के बयान से दोषसिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश (एसटी, एससी एक्ट) कुमारी सुनीता साहू ने कहा कि न्यायालय के मत में प्रकरण विरलतम से विरल प्रकार है। दंड में किसी भी प्रकार से नरमी बरतना समाज में विपरीत संदेश देगा। अभियुक्त के कायरतापूर्ण विभत्स, पैशाचिक, आपराधिक कृत्य के लिए आजीवन कारावास की सजा अपर्याप्त होगा। ऐसे में माननीय न्यायालय ने आरोपी शंकर निषाद पिता रूपसिंह निषाद उम्र 25 वर्ष को भारतीय दंड संहिता की धारा 364 के तहत 10 वर्ष कठिन कारावास एवं 1 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 376 एवं 302 के तहत मृत्युदंड और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित sकिया। अर्थदंड नहीं पटाने पर 1-1 माह का कठिन कारावास पृथक से भुगताए जाने के आदेश दिए है। प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक (एक्ट्रोसिटी एक्ट) धीरज शुक्ला ने पैरवी की।



■ विशेष न्यायाधीश जांजगीर ने सुनाया फैसला

### किराना दुकान की आड़ में चल रहा था शराब कारोबार, आरोपी गिरफ्तार

**हसौद।** आबकारी विभाग की टीम ने किराना दुकान की आड़ में अवैध शराब का कारोबार करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से देसी एवं महुआ शराब बरामद की गई है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम तुमीडीह का निवासी है, जो जितेंद्र किराना स्टोर के नाम से दुकान संचालित कर अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था। 17 नवंबर की तड़के सुबह आबकारी विभाग की टीम ने तुमीडीह स्थित जितेंद्र किराना स्टोर नामक दुकान में दबिश देकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकान संचालक जितेंद्र कुमार रात्रे पिता हेमचरण रात्रे के कब्जे से कुल 5.74 लीटर देसी एवं महुआ शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आबकारी विभाग की टीम ने हसौद थाना क्षेत्र के मल्दा गांव अंतर्गत डोंगिया तालाब के मेड़ किनारे लावारिस अवस्था में 6 प्लास्टिक पन्नियों में भरी 30 लीटर महुआ शराब एवं 14 प्लास्टिक ड्रम में भरा लगभग 700 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है।

# 160 पाव देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**चांपा।** पुलिस ने दबिश देकर 160 पाव देशी शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला चांपा थाना अंतर्गत ग्राम दारंग का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने पूर्व में थाना प्रभारीयों की मीटिंग लेकर अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में थाना चाम्पा से एक टीम कार्रवाई हेतु रवाना किया गया था। इसी क्रम में पुलिस टीम ने मुखबीर सूचना पर ग्राम दारंग से अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करते आरोपी को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 160 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 16 हजार जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की कारवाई किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, सहायक उपनिरीक्षक खांडेकर, प्रधान आरक्षक वेंकट रमन पाटले, आरक्षक शंकर राजपूत, आकाश कलोसिया, गौरी शंकर रॉय का योगदान रहा।

आने जाने वाले यात्रियों को होती है परेशानी, जहां-तहां करते है गाड़ियों का इंतजार

# खंडहर में तब्दील हो रहा यात्री प्रतीक्षालय, मरम्मत पर नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

दुरपा ग्राम पंचायत में निर्मित यात्री प्रतिक्षालय बदहाली की स्थिति में पहुंच चुका है। कभी यात्रियों के लिए आराम और ठहरने की सुविधा प्रदान करने वाला यह प्रतिक्षालय अब टूट-फूट का शिकार हो चुका है। टूटी फूटी कुर्सी इस बात का सबूत हैं कि इस सार्वजनिक संपत्ति की ओर लंबे समय से किसी ने ध्यान नहीं दिया।

रोजाना बस या अन्य वाहनों का इंतजार करने वाले ग्रामीणों, छात्रों, बुजुर्गों और महिलाओं को खुले आसमान के नीचे धूप, बरसात और सर्द हवाओं में घंटों खड़े रहना पड़ता है। देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों का कब्जास्थानीय लोगों के अनुसार, इस प्रतिक्षालय की मरम्मत या सफाई कार्य वर्षों से नहीं हुआ है। नतीजतन अब यह जगह असामाजिक तत्वों का ठिकाना बन गई है। रात के समय यहां नशाखोरी, तोड़फोड़ और गंदगी जैसी गतिविधियां आम हो गई हैं। कुछ स्थानीय युवाओं ने बताया कि प्रतिक्षालय की ऊपरी छत और कुर्सी तोड़ दिए गए हैं। गग्रामवासियों ने पंचायत और संबंधित विभाग से बार-बार शिकायत की है कि यात्री प्रतिक्षालय की तत्काल मरम्मत करवाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने यह भी मांग की है कि प्रतिक्षालय की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं। करोड़ों रुपये की सरकारी योजनाओं के बीच एक छोटा सा प्रतिक्षालय भी दुरुस्त न हो पाना विकास की वास्तविक तस्वीर बयां करता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ एक प्रतिक्षालय का मामला नहीं, बल्कि सरकारी संपत्ति की उपेक्षा और जवाबदेही की कमी का उदाहरण है। जिसके चलते असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। रात के समय शराबखोरी व जुआ जैसी गतिविधियां प्रारंभ हो जाती है।



यात्री प्रतीक्षालय में टूटी पड़ी कुर्सियां।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने तीन दिव्यांगों को प्रदान किया मोटराईज्ड ट्रायसायकल



**सक्ती।** समाज कल्याण विभाग सक्ती द्वारा रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वरिष्ठजन, दिव्यांगजन एवं तृतीय लिंगी व्यक्तियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में 3 मोटराईज्ड ट्रायसायकल पुनीराम यादव, मुकेश प्रसाद बरेठ और श्रीमती बुधवारा बाई केवंट को प्रदान किया। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान सम्मेलन (वृद्धजन दिवस) का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें सहायक उपकरण उनकी आवश्यकता के अनुसार प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आज 03 मोटराईज्ड ट्रायसायकल, 02 ट्रायसायकल, 01 श्रवण यंत्र, 03 वाकिंग स्टीक एवं 02 जोड़ी बैशाखी प्रदान किया गया। जिसमें जानकी प्रसाद निषाद, मालिक राम उरांव, लक्ष्मीन भैना को मोटराईज्ड ट्रायसायकल गिरिजा राठौर एवं चैतराम बरेठ को ट्रायसायकल व बैशाखी, दिनेश सिंह बाना को श्रवण यंत्र एवं वृद्धजन को छड़ी वितरण किया गया।

## भाजपा जांजगीर-चाम्पा विधानसभा का एसआईआर को लेकर कार्यशाला आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चाम्पा विधानसभा का एस.आई.आर. (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर शुक्रवार 19 दिसंबर को दोपहर 2बजे जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में कार्यशाला आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला में विशेष रूप से छ.ग. राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष व पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेड़ा) अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, खनिज निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े उपस्थित रहेंगे। भाजपा नवागढ़ मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह, जांजगीर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष धजाराम साहू, चाम्पा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, जांजगीर-नैला मंडल अध्यक्ष हितेश यादव ने जांजगीर-चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के आमंत्रित कार्यकर्ताओं को इस कार्यशाला में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## छात्रा किरण निर्मलकर का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**अकलतरा।** एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा की कक्षा 11वीं की छात्रा किरण निर्मलकर पिता मुकुंद शरण निर्मलकर भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में आयोजित "विकसित भारत यंग लीडर डायलाग" कार्यक्रम के अंतर्गत "बिल्डिंग ए सस्टैनेबले एंड ग्रीन विकसित भारत" विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर युवा उत्सव के लिए चयनिय हुई है। यह कार्यक्रम 10 से 12 जनवरी 2025 तक भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित है। छात्रा का चयन पी.पी.टी. विजन डेक प्रस्तुतीकरण एवं लीडरशिप असेसमेंट के माध्यम से किया गया, जिसमें प्रदेश भर से 15 से 29 वर्ष के जोन स्तर पर चयनित युवाओं ने हिस्सा लिया। छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हो कर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से न सिर्फ विद्यालय तथा अकलतरा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शाला के वरिष्ठ शिक्षक आर के पाण्डेय एवं श्रीमती वर्षा यादव के मार्गदर्शन में किरण ने यह उपलब्धि प्राप्त की है। छात्रा की सफलता पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ खनिज एवं विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि यह हमारी शाला के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि हमारी छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाया है। उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, पंकज दोशी, स्वप्निल जैन, विकास केडिया, एवं समस्त सदस्यों, शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा, एवं स्टाफ द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की गई है।



## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने चुन्नी लाल

**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशानुसार और प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अशोक साहू की अनुशंसा पर पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। चुन्नीलाल साहू के पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं खुशी है। अपनी नियुक्ति पर चुन्नीलाल साहू ने कहा कि संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर व्यक्त किया है उसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। भाजपा की विचारधारा एवं संस्कृति को जन-जन तक पहुंचा कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।



### समाज के लोगों ने जिले भर में निकाली शोभा यात्रा, सभी विकासखंड से सैकड़ों लोग हुए शामिल

# बाबा गुरु घासीदास ने मनखे- मनखे एक समान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

बाबा गुरू घासीदास के 269 वें जयंती के अवसर पर गुरूवार 18 दिसंबर को जिले भर में सतनामी समाज के लोगों ने सतनाम शोभा यात्रा निकाल कर जनसाधारण को बाबा गुरू घासीदास के मनखे-मनखे एक बराबर पर आधारित सतनाम संदेश के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बाबा गुरू घासीदास के अनुयाई सतनाम रैली में शामिल हुए। वहीं जिले भर के गांवों में सतनामी समाज के लोगों ने बाबा के जैतखाम पर सफेद ध्वज चढ़ाया और बाबा गुरू घासीदास जी के बताते सतनाम विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया।

गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में आज से 269 साल पहले बाबा गुरू घासीदास का जन्म गिरौदपुरी में 18 दिसंबर 1756 में हुआ था। बाबा गुरू घासीदास को भारत वर्ष के संत परंपरा में महात्मा बुद्ध, गुरू नानक, रैदास, कबीर की संत परंपरा को आगे बढ़ाने वाले महान संत थे, जिन्होंने मानवता को मनखे- मनखे एक बरोबर की शिक्षाओं पर आधारित सतनाम का संदेश दिया था। बाबा गुरू घासीदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं जो कि हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है। हर वर्ष संत शिरोमणी गुरु घासीदास की जयंती 18 दिसंबर को मनाई जाती है। इस वर्ष भी गुरु घासीदास जयंती पर जिले के सक्ती विकासखंड में सतनाम शोभायात्रा की शुरुआत खैरा - तुर्रीधाम स्थित जैतखाम पर पूजा अर्चना करने के साथ हुई। जो आगे नगरदा, जर्वे, पोड़ी, दारंग, सरहर, बाराद्वार, मुक्ता राजा, सकरेली, केसला, जेठा, सुआडेरा, डोंडिया, पोरथा होते सक्ती पहुंची जहां नगर भ्रमण पश्चात यात्रा सक्ती नगर में अंबेडकर चौक के पास स्थित नवनिर्मित जैतखाम के पहुंचने के साथ सम्पन्न हुई। इसी क्रम में जैजैपुर विकासखंड में भी गुरू घासीदास जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैजैपुर में सतनाम शोभायात्रा की शुरुआत नगर पंचायत जैजैपुर स्थित नवनिर्मित सतनाम भवन से शुरू होने के बाद यह शोभायात्रा ओड़ेकेरा, हरिनाचाकर, परसाडीह, सेन्दरी, घिवरा, बिर्रा, बसंतपुर, किकिरदा, करही, पेंड्री, चिस्दा, परसदा, हसौद, गुंजियाबोड़, देवरघटा, पिसौद, बरेकेलखुर्द, खैरझिटी, रीवा डीह, खरवानी, बेलादुला, बोड़सरा होते तुषार पहुंच कर यात्रा सम्पन्न हुई। मालखरौदा व डभरा विकासखंड से भी जिला स्तरीय रैली निकाली गई जो कि मिरौनी बैराज से प्रारंभ होकर घोघरी, छपोरा, मिशन चौक, बीरभांठा, पोता, अड़भार, सक्ती नगर भ्रमण, सिंघनसरा, आड़िल, आमनदुला, सतनाम भवन मालखरौदा तक निकली वहीं दूसरी रैली डभरा से प्रारंभ, गोबरा, फरसवानी, नगझर मोड़, छोटे सीपत में मुख्य रैली में शामिल हुआ। वहीं एक और रैली परसाडीह से प्रारंभ होकर कुसमुल, सिंघरा, देवरघटा, सारसकेला, चरौदी, लिमगांव होते अड़भार में मुख्य रैली में शामिल हुई। इस दौरान हजारों की संख्या में बाबा गुरू घासीदास के अनुयाई सतनाम रैली में शामिल हुए। वहीं जिले भर के गांवों में सतनामी समाज के लोगों ने बाबा के जैतखाम पर सफेद ध्वज चढ़ाया और बाबा गुरू घासीदास जी के बताते सतनाम विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया।



शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग।

**शोभा यात्रा...**



**पामगढ़।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा। फोटो : हरिभूमि

## छात्र छात्राओं ने धूमधाम से मनाया गुरू घासीदास की जयंती

**राहौद।** नगर में संचालित राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय ) में 18 दिसंबर को छात्र छात्राओं द्वारा संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम का हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। बी.एड द्वितीय वर्ष के प्रिया साहू द्वारा गुरु घासीदास जयंती के उपदेश को भाषण के माध्यम से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्या कनक सिन्हा ने संबोधित किया। महाविद्यालय के छात्राध्यापिकाओं ने पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम को कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक जीपी कौशिक, जयराम कश्यप, सुधा कश्यप, ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप एवं क्रीड़ा अधिकारी रामनारायण कश्यप, श्याम साहू, प्रदीप वर्मा ने अपना सहयोग प्रदान किया।



## बीईओ ने किया हाईस्कूल व प्रायमरी स्कूल का निरीक्षण



**चांपा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को शासकीय हाईस्कूल कपिसदा एवं शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भाठापारा सेमरिया का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जानकारी ली । हाईस्कूल के छात्रों से उन्होंने परीक्षा सम्बन्धी जानकारी लेकर उनसे प्रश्न पूछें । आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर निर्देश दिए । परीक्षा परिणाम को लेकर शिक्षकों को निर्देश देते हुए अध्यापन कराने को कहा। प्राथमिक शाला भाठापारा में निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता जांच में बच्चों के स्तर को परखा । हिंदी ,अंग्रेजी , गणित , पहाड़ा एवं बारहखड़ी प्रश्न भी पूछे । बीईओ के प्रश्नों का छात्रों ने जवाब दिया । उन्होंने शिक्षको से गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन परोसने के निर्देश दिए । मेनू के अनुसार ही मध्यान्ह का संचालन करें । पांचवी बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर भी फोकस करे । इस अवसर पर संकुल प्राचार्य रमेश मेहरा , संकुल समन्वयक विश्वनाथ कश्यप एवं लक्ष्मी देवांगन उपस्थित थे ।

## क्षेत्र में ट्रैक्टरों के माध्यम से हो रहे रेत के अवैध परिवाहन से हरपल बनी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

क्षेत्र में रेत माफिया दिन हो या रात अवैध रेत ओवरलोडिंग ट्रेक्टरों में सुबह से लेकर पूरे दिन परिवाहन करते है। चौबीसों घंटे सारागांव नगर के प्रमुख मार्ग से होकर गुजर रही है रेत से भरी दर्जनों वाहनों के खिलाफ कार्यवाही नही होना पुलिस एवं माइनिंग विभाग की उदासीनता को उजागर कर रही है।

बम्हनीडीह क्षेत्र के नदी से रेत निकाल कर ट्रेक्टरों में ओवरलोड कर करीब 20 से 25 किलोमीटर दूर तक रेत का परिवाहन किया जा रहा है। बम्हनीडीह से निकलने वाली रेत का अवैध रूप से सारागांव क्षेत्र में बड़ी आसानी से परिवाहन किया जा रहा हैं। क्षेत्र कुम्हारीकला, दारंग, कचन्दा, हनुमन्ता, झरना, मौहाडीह, बघौदा, कड़ारी सहित दर्जनों गांव मे रेत को खपाया जा रहा है। मगर इन सब से विभाग को कोई परवाह नही है। जिससे रेत परिवाहन करने वाले इन माफियाओं काम धड़ल्ले से जारी है।

**तेज रफ्तार में चलाते है ट्रैक्टर**-अवैध रेत परिवाहन करने वाले ट्रेक्टरों के चालको द्वारा वाहन को तेज गति से नगर के व्यस्तम मार्ग से निकाली जाती है। जिससे नगर वासी डरे सहमे हुए है। क्योकि इस मार्ग पे स्कूल कॉलेज सहित नगर के दैनिक दिनचर्या के लोगो का दिनभर आना जाना लगा रहता है। वही इस मार्ग पे बेरोकटोक रेत का परिवाहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। वह भी ट्रेक्टरों में ओवरलोड कर ओवरलोड होने के कारण रेत के कड़ लोगो के आखों में छिटक कर चली जा रही है। जिससे नगर के आम लोग परेशान है। मगर इन सब से स्थानीय पुलिस प्रशासन को कोई परवाह नही है। जिससे नगर के लोगो मे आक्रोश है जो कभी भी भड़क सकता है। बता दे इन अवैध रेत परिवाहन करने वाले लोगो ने उच्च स्तर तक तगड़ी सटिंग जमा ली यही वजह है। इनके काम बखूबी चल रही है। थाना व तहसील कार्यालय के सामने से ही रोजाना दिन व रात में करीब दो दर्जनों से अधिक ट्रेक्टर गुजर रही है। मगर ये सब इनको दिखाई नही देती और सालो से इन्हें अनदेखा किया जा रहा है। लोगो का कहना है कि इन पर कड़ी कार्यवाही की आवश्यकता है। इन सब पर कार्यवाही नही होना खनिज विभाग व राजस्व विभाग की उदासीनता को दर्शाता है।



## सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रांतीय महासम्मेलन शामिल होंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय प्रांतीय महासम्मेलन 20 एवं 21 दिसंबर को नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम, बुधवारी बाजार में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन समिति के संयोजक कृष्णकांत चंद्रा के नेतृत्व में सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें सम्मेलन में शामिल होने हेतु आमंत्रण पत्र सौंपा, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की। कृष्णकांत चंद्रा ने बताया कि यह महासम्मेलन कुर्मी क्षत्रिय समाज के चंद्रा समाज, गबेल समाज एवं कश्यप समाज के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की 27 उपजातियों के समाजबंधु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। महासम्मेलन के प्रथम दिवस 20 दिसंबर को कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य मंगल कलश यात्रा से होगा। इसके पश्चात युवाओं की बाइक रैली सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समापन सत्र में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधि मंडल में संयोजक कृष्णकांत चंद्रा, ललित बघेल, मोरध्वज चंद्राकर, खूबचंद वर्मा, जयप्रकाश देशमुख सहित प्रदेश संगठन के पदाधिकारी शामिल थे।



## भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बने पलाश चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छ.ग. प्रदेश भाजपा द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा छ.ग. प्रदेश की नवीन कार्यकारणी की सूची घोषित की गई है जिसमें शीर्ष नेतृत्व द्वारा भाजयुमों जांजगीर-चाम्पा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पलाश चंदेल को भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। जिसके लिये उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल भाजयुमों प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा सहित संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये अभार व्यक्त किया है। पलाश चंदेल के भाजयुमों प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनने पर क्षेत्र व अंचल के कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त किया है।



गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते कार्यकर्ता।

## योगाभ्यास से स्वास्थ्य रक्षा की दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक कुंवर भुवन भास्कर सिंह शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में स्थित मंच के कार्यालय कक्ष मे आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना कर किया गया।

- **वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक में 75 वर्ष पूर्ण कर चुके सदस्यों का किया गया सम्मान**

बैठक के दौरान 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्य डॉ जी पी दीक्षित एवं धारी सिंह का शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में संतराम साहु ने हारमोनियम की धुन पर भजन व फिल्मी गीत सुनाकर मनोरंजन किया। योगाभ्यास से स्वास्थ्य रक्षा की सलाह योगाचार्य एवं वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष रमेंद्र सिंह चौहान ने दी। वीरेंद्र जैन ने जानकारी दी कि 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वरिष्ठ नागरिक का आयुष्मान कार्ड को पांच लाख से सरकार ने दस लाख किया है जिसके लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। घनश्याम राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ी गीत सुनाकर वातावरण को रसमय बनाया। बजरंग लाल जायसवाल ने सभी सदस्यों के लिए वनभोज देवरघटा जाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। दशरथ नामदेव ने भारत माता की तस्वीर सभी सदस्यों को भेंट कर समर्थ भारत बनाने में सभी के योगदान की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में भरत सिंह चंदेल, धनाराम साहु, जयकुमार अग्रवाल, रामभरोस कैवर्त, गजेंद्र नाथ सोनी, सरस्वती लाल वस्त्रकार,महेश बनाफर, ठाकुर राम देवांगन, रामाधीन यादव, दरसराम यादव एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।




### समावेशी शिक्षा अंतर्गत विकासखंड स्तरीय वातावरण निर्माण एवं गैप एनालिसिस प्रशिक्षण

# प्रत्येक बच्चों को शिक्षित करना शासन की प्राथमिकता : बेहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत वातावरण निर्माण एवं गैप आइडेंटिफेकशन फार आऊट आफ स्कूल विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बीआरसी भवन में किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय से वंचित बच्चों की पहचान करना, उनके शैक्षिणिक स्तर का मूल्यांकन करना तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना था। बीईओ रत्ना थवाईत के निर्देशन एवं बीआरसी हीरेन्द्र बेहार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने कहा कि समावेशी शिक्षा का मूलभाव यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा चाहे वह शारीरिक , मानसिक या सामाजिक किसी भी प्रकार की चुनौती से जूझ रहा हो शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे । उन्होंने कहा कि समान अवसर एवं सम्मान के साथ प्रत्येक बच्चों को शिक्षित करना ही शासन की प्राथमिकता है । प्रशिक्षण के दौरान बीआरपी शशिबाला सिंह स्पेशल एजुकेटर मालती पटेल ने समावेशी शिक्षा में शामिल 21 प्रकार की दिव्यांगता उनके लक्षण , शैक्षणिक आवश्यकताये, उपलब्ध सरकारी सुविधाएं और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गयी। बच्चों को दिव्यांगता के प्रकार, सांकेतिक भाषा व ब्रेल की सामान्य जानकारी दी ।दिव्यांग बच्चों के अधिकारों सहित सामान्य बच्चों को दिव्यांग बच्चों के लिये सहयोग व समर्थन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना व विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सिखाया एवं पढ़ाया गया । पालकों एवं अभिभावकों को दिव्यांगता के बारे में जागरूक कर दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधा के बारे में अवगत कराया गया । शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गयी । प्रशिक्षण में 160 बच्चें शामिल थे जिनमें 80 दिव्यांग एवं 80 उनके सहपाठी थे। प्रशिक्षण में 60 पालक एवं अभिभावक भी उपस्थित थे । इस अवसर पर उमेश दुबे, धरमदास मानिकपुरी, उपेंद्र गोस्वामी, माखन राठौर ,अशोक देवांगन, शरद चतुर्वेदी , अर्चना गोस्वामी, राजेश कश्यप सहित अनेक शिक्षकगण, पालकगण उपस्थित थे ।



प्रशिक्षण में शामिल अधिकारी, शिक्षक, पालक एवं बच्चे।



जरुरतमंदों को कंबल वितरण करते पूर्व एल्डमैन व अन्य।

## जरुरतमंदों को कंबल व फल वितरण कर मनाया पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. डहरिया का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के जन्मदिन पर गुरुवार 18 दिसंबर को पूर्व एल्डरमैन रफीक सिद्दिकी के संयोजकत्व में नैला रेलवे स्टेशन के पास जरुरतमंद लोगों को कंबल, बिस्किट एवं फल वितरण करते डॉक्टर डहरिया के दीर्घायु व उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की गई। इस अवसर पर पार्षद अरमान खान, पूर्व एल्डरमैन मनोज कालू अग्रवाल, रवि सूर्यवंशी, साहिल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।